12. पाठ्यक्रम व मूल्यांकन प्रक्रिया

संविधान में निहित मूल्
के अनुरूप इसका निर्धारण करेगा और बच्चे के बहुमुखी विकास पर ध्यान देने के साथ-साथ उसे भय, चिन्ता से मुक्त करने का भी काम करेगा तथा मूल्यांकन व्यापक व सतत् होगा।

13. परीक्षा एवं समापन प्रमाण-पत्र

किसी भी बच्चे को प्रारम्भिक शिक्षा पूर्व होने से पहले बोर्ड की कोई भी परीक्षा नहीं देनी होगी। प्रारम्भिक शिक्षा पूर्व करने वाले प्रत्येक बच्चे को प्रमाण पत्र दिया जायेगा।

14. निर्देश जारी करने की शक्ति

धारा 35 के अन्तर्गत केन्द्र सरकार को राज्य सरकार, स्थानीय अधिकारियों को तथा स्थानीय अधिकारी स्कूल प्रबन्धन समितियों को अधिनियम के कार्यान्वन के सम्बन्ध में मार्गदर्शन सिद्धान्त जारी कर सकेंगे व निर्देश दे सकेंगे।

15. राज्य सरकारों को नियम बनाने की शक्ति

राज्य सरकार अधिनियम के उपबन्धों के कार्यान्वन के लिए नियम, अधिसूचना जारी बना सकेगी।

Scanned with CamScanner

Topic ____ Date ____

16. **राज्य सलाहकार परिषद का गठन →**

प्रस्ताविक राज्य सलाहकार परिषद का गठन राज्य सरकार करेगी। इसका ना[illegible] अधिनियम के प्रावधानों को प्रभावी ढंग से लागू करने के बारे में राज्य सरकार को परामर्श देना होगा।

17. **अभियोजना के लिए पूर्व मंजूरी →**

अधिनियम का पालन न करने पर धारा 13, 18, और 19 के अधीन दण्डनीय अपराधों के लिए कोई भी अभियोजन समुचित सरकार अथवा अधिकारी की पूर्व मंजूरी के बिना संस्थित नहीं किया जाएगा।

18. **प्राइवेट ट्यूशन का प्रतिषेधक →**

कोई शिक्षक शिक्षि[illegible] प्राइवेट ट्यूशन या प्राइवेट शिक्षण क्रियाकलाप में स्वयं को नहीं लगाएगा। लगाएगी।

Topic ______ Date ______

19. बालक के शिक्षा अधिकार को मॉनीटर करना →

बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम 2005 के प्रावधानों के अन्तर्गत गठित राष्ट्रीय इस अधिनियम के तहत प्रदत्त अधिकारों का परीक्षण और देखभाल की समीक्षा करेंगे।

20. अन्य विद्यालय में स्थानान्तरण का अधिकार →

यदि किसी स्कूल में प्राथमिक शिक्षा पूरी करने का प्रावधान नहीं है अथवा किसी भी कारण से कोई छात्र एक स्कूल से दूसरे स्कूल में स्थानान्तरण लेने का अधिकार होगा।

उपसंहार →

हमारे देश में एक ही तथ्य को भिन्न-भिन्न रूप में प्रस्तुत करने की कुछ परम्परा सी बन गई है। और हमारे संविधान में नागरिको के मूल अधिकारो में एक अधि शिक्षा का भी है। यह अधिकार 6-14 आयु वर्ग के बच्चों को भी प्राप्त है। 2002 में संविधान 86 वे संशोधन द्वारा इसे एक मूल कर्तव्य के रूप में और दूसरी और मूल के रूप मे प्रस्तुत किया गया और 2009 में पुनः शिक्षा के अधिकार अधिनियम के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

(Complete)

CRYSTAL Designer Sheet

Teacher's Signature ______

Scanned with CamScanner